आगमें झुलसी महिलाकी मौत शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

मांडा (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के दिघिया गांव में मंगलवार दोपहर शार्ट सर्किट से घर में लगी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसी ३० वर्षीया महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। बुधवार को महिला का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी।

दिघिया गांव निवासी रीता देवी (३०) पत्नी अश्वनी दूबे मंगलवार की दोपहर घर पर अपनी छोटी बहन के साथ थीं। उसी दौरान उनकी बेटियां स्कूल गयी हुई थीं और पति अश्वनी रोजाना की तरह ई-रिक्शा चलाने प्रयागराज शहर गए थे। परिजनों के अनुसार, घर में अचानक विद्युत घर्षण होने से आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर रीता देवी गंभीर रूप से झुलस गईं।

आनन-फानन में परिजन झुलसी महिला को लेकर स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय प्रयागराज पहुंचे, जहां मंगलवार देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बुधवार शाम पोस्टमार्टम के उपरांत जब शव गांव पहुंचा, तो कोहराम मच गया। मृतका की तीनों बेटियों अर्पिता, आंशिक, अनुष्का और महज दो माह के दुधमुंहे बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटना की परिस्थितियों को संदिग्ध मानते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे विधिक काररवाई की जाएगी। बुधवार देर शाम चौकठा-नरवर गंगा घाट पर मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



बलीपुर फ्लाईओवर पर धंसी सड़क।

फ्लाईओवर पर सड़क धंसी, हादसे का बढ़ा खतरा

संकेतक न होने से रात में सफर हुआ जानलेवा, एनएचएआई से मरम्मत की मांग

उतरांव (प्रयागराज)। प्रयागराज-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बलीपुर फ्लाईओवर पर सड़क धंसने और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से वाहन चालकों एवं राहगीरों का आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। फ्लाईओवर के ऊपर करीब चार से पांच स्थानों पर डामर उखड़कर सड़क अंदर धंस गयी है, जिससे दिन-रात गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों एवं मुसाफिरों के अनुसार, व्यस्त हाईवे होने के कारण यहां चौबीसों घंटे तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही रहती है। दिन के समय तो चालक किसी तरह गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात ढलते ही फ्लाईओवर पर पर्याप्त रोशनी और चेतावनी संकेतकों (रिफ्लेक्टर) के अभाव में स्थिति अत्यंत खतरनाक हो जाती है। अचानक गहरे गड्ढों में पहिया जाने से आए दिन बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं, वहीं चार पहिया वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।राहगीरों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण मार्ग पर फ्लाईओवर का इस कदर बदहाल होना संबंधित निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इन गड्ढों को दुरुस्त नहीं कराया गया, तो किसी बड़े जानी नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता। फ्लाईओवर की बदहाली को लेकर स्थानीय नागरिकों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और जिलाधिकारी प्रयागराज को शिकायती पत्र भेजा है। उन्होंने जनहित एवं सुरक्षा के दृष्टिगत फ्लाईओवर की सड़क की अविलंब तकनीकी मरम्मत कराने, पैचवर्क पूरा करने तथा आवश्यक सुरक्षा संकेतक स्थापित कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और संभावित सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लग सके।



छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी।

मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

पचदेवरा (प्रयागराज)। करछना क्षेत्र के एसएलबी इंटर कालेज चनैनी में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को महिला और बालिका सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। करछना थाने की मिशन शक्ति प्रभारी वंदना सिंह ने टीम के साथ पहुंचकर छात्राओं को विभिन्न अपराधों से बचाव के उपाय बताये।

उन्होंने छात्राओं से अनजान लोगों से बातचीत या उनके साथ जाने से बचने, किसी प्रकार के गलत स्पर्श या संकेत की जानकारी तत्काल अभिभावकों अथवा पुलिस को देने की अपील की। सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और निजी तस्वीरें या आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने की सलाह दी गयी। साथ ही किसी के लगातार पीछा करने, जबरदस्ती या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने को कहा। छात्राओं को १०९० महिला पावर लाइन, १८१ महिला हेल्पलाइन, १०९८ चाइल्ड हेल्पलाइन, ११२ पुलिस, १९३० साइबर हेल्पलाइन और १०७६ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान सिपाही अभिषेक, संदीप, महिला सिपाही शिखा एवं रोशनी तथा कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सख्ती के बाद उप निबंधक कार्यालय में आसान हुई रजिस्ट्री

आनलाइन स्लाट की कथित मनमानी पर रोक से काश्तकारों को राहत, अधिवक्ताओं ने सराहा

सोरांव (प्रयागराज)। स्थानीय उप निबंधक कार्यालय में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार का दावा किया जा रहा है। आनलाइन स्लाट बुकिंग में कथित अनियमितताओं पर सख्ती के बाद कार्यालय में भीड़ कम होने और काश्तकारों को आसानी से रजिस्ट्री कराने की सुविधा मिलने की बात कही जा रही है।

अधिवक्ताओं के अनुसार करीब छह माह पहले स्लाट के लिए कई दिन पहले आवेदन करना पड़ता था। दूर-दराज से आने वाले काश्तकारों को परेशानी होती थी। कुछ लोगों पर कई स्लाट लेकर जरूरतमंदों से रकम वसूलने के आरोप भी लगाए गए, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उप निबंधक अनुपमा सिंह ने अधूरे दस्तावेजों के आधार पर स्लाट लेने पर सख्ती की है। पूर्ण डीड के साथ प्रक्रिया आगे बढ़ाने से स्लाट की कथित खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगा है। कार्यालय में दो काउंटर हैं और प्रत्येक पर ६०-६० पंजीकरण की व्यवस्था बताई गयी है। पंजीकरण के दिन ही स्टांप स्कैन किये जाने से प्रक्रिया में तेजी आने का दावा है। अधिवक्ता ईश्वर चंद्र, नागेंद्र त्रिपाठी, रामसजीवन, राज कुमार, संजय, धर्मेंद्र और मोहम्मद अबरार सहित अन्य ने व्यवस्था की सराहना की। काश्तकारों का कहना है कि अब पहले की अपेक्षा भीड़ कम है और रजिस्ट्री कराने में सहूलियत हो रही है।

बरसात से मां मांडवी देवी धाम का रास्ता बदहाल

मांडा राजमहल से मांडव्य तपोभूमि एवं चफला मार्ग क्षतिग्रस्त, राहगीर परेशान

मांडा (प्रयागराज)। लगातार हुई बारिश से मांडा खास राजमहल से सिद्धपीठ मां मांडवी देवी धाम, मांडव्य ऋषि तपोभूमि और चफला मोहल्ले को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गये हैं और गिट्टियां उखड़ गयी हैं।

इस मार्ग से चफला बस्ती के सैकड़ों किसान रोजाना खेतों तक आते-जाते हैं। वहीं मांडवी देवी धाम और मांडव्य तपोभूमि जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फिसलन और गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों के गिरने का खतरा बना रहता है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, मार्ग की मरम्मत के लिए ब्लाक, तहसील और जिला स्तर के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन से मार्ग की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चीखड़ी में लगायी किसान चौपाल

सहसों (प्रयागराज)। कांग्रेस गंगापार की ओर से विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय के नेतृत्व में चीखड़ी में किसान चौपाल आयोजित की गयी। इसमें किसानों की खाद, बीज, कीटनाशक, महंगाई, बेरोजगारी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर जनजागरण किया गया।

कार्यक्रम में अहमद ने आरोप लगाया कि बारिश से धान की फसल बर्बाद होने से किसानों की लागत डूब गयी है। उन्होंने यूरिया की कथित किल्लत और किसानों को महंगे दामों पर खाद एवं कीटनाशक मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने गांवों में बिजली कटौती, जलभराव और स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया। अहमद ने भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ही इन समस्याओं का समाधान कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवराज उपाध्याय ने की और संचालन जिला सचिव हरिभान सिंह सिंगरौर ने किया। इस मौके पर वाररूम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, डा. अमर सिंह पटेल, श्यामजी धुरिया, संतोष कुमार शर्मा, प्रीती सिंह, राकेश सिंह, रिया सिंह, साक्षी सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।



लोकगीत कजरी मुकाबले में प्रस्तुति देते कलाकार।

लोक कलाएं भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर-डा. सुरेश चंद्र

दधिकांदो मेला और कजरी मुकाबले में कलाकारों ने लोकगीतों की प्रस्तुतियों से बांधा समां

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया विकासखंड के बेलहासिंघामऊ (संगमनगर) गांव में मंगलवार को अनंत चतुर्दशी पर स्थगित दधिकांदो मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोकगीत कजरी मुकाबला आयोजित किया गया। तेज आंधी-बारिश के कारण कार्यक्रम पूर्व में स्थगित कर दिया गया था।

कजरी मुकाबले में सुरियावां, भदोही के लोकगायक नागेंद्र भारतीय और मर्दापुर, हंडिया की गायिका शशिकला ने सामाजिक, ऐतिहासिक और पौराणिक प्रसंगों पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किये। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर देर तक तालियां गूंजती रहीं और श्रोता झूमते नजर आए। कलाकारों को सम्मानित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख डा. सुरेशचंद्र मौर्य ने कहा कि लोककलाएं भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी का दायित्व है। आयोजन समिति अध्यक्ष पवन विश्वकर्मा ने अतिथियों, कलाकारों और ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बाल विज्ञान प्रदर्शनी में स्टैंडर्ड इंटर कालेज प्रथम

मऊआइमा (प्रयागराज)। ब्लाक स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में स्टैंडर्ड इंटर कालेज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की टीम ने जनता इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विज्ञान शिक्षक मनीष कुमार यादव, शिवबाबू, इंजीनियर रोहित कुमार और सत्यम शुक्ला के निर्देशन में छात्रों ने विभिन्न अभिनव विज्ञान माडल तैयार किए। टीम में अभिषेक सिंह, फहद, विशाल, शनि गुप्ता, आर्यन केसरवानी, सची यादव, रागिनी और सोनम शामिल रहे। निर्णायकों के मूल्यांकन में विद्यालय के माडल को प्रथम स्थान मिला। प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने विजेता छात्र-छात्राओं और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव।

राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगितामें साक्षीने जीता रजत पदक

विद्यालय पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

मऊआइमा (प्रयागराज)। ३७वीं अखिल भारतीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता में मऊआइमा क्षेत्र की साक्षी कुमारी ने रजत पदक हासिल कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए साक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता २३ से २७ सितंबर तक आदित्य प्रकाश जलान टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, कुदलुम, रांची (झारखंड) में आयोजित हुई। इसमें विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। साक्षी भोलानाथ रामसुख इंटर कालेज, चकश्याम मऊआइमा में कोच शैलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में जूडो-कुराश का प्रशिक्षण ले रही हैं।

रजत पदक जीतने के बाद बुधवार को साक्षी अपनी मां रत्ना कुमारी और कोच शैलेंद्र पटेल के साथ विद्यालय पहुंचीं। विद्यालय प्रबंधक रामसुख पटेल, प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह और शिक्षकों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रजत पदक विजेता साक्षी कुमारी का स्वागत करते विद्यालय के शिक्षक।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बैंक कर्मचारी घायल,गंभीर

बरौत, प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र की बरौत चौकी अंतर्गत ऊपरदहां गांव के सामने बुधवार शाम करीब ६ बजे नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से फाइनेंस बैंक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वह सड़क किनारे नाले में जा गिरा।

जानकारी के अनुसार मेजा के रामनगर निवासी विजय श्रीवास्तव (२६) पुत्र विनय श्रीवास्तव किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने पुलिस और १०८ एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस चालक शैलेश कुमार और टेक्नीशियन विवेक यादव ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहां पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

एटीएम बदलकर मुख्य आरक्षी से ४० हजार की ठगी

फर्जी हेल्पलाइन नंबर पर काल कराकर पूछ लिया पिन, चार बार में निकाले रुपये

नैनी (प्रयागराज)। रामपुर तिराहा स्थित एसबीआई एटीएम में कार्ड बदलकर मुख्य आरक्षी से ४० हजार रुपये की ठगी के मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाने में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

कानपुर नगर रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी गुलजारी लाल पत्नी की दवा लेने प्रयागराज जा रहे थे। रामपुर तिराहे पर एटीएम में पहले से मौजूद तीन लोगों ने उनका कार्ड मशीन में फंसा दिया। इसके बाद एटीएम पर लिखे फर्जी एसबीआई हेल्पलाइन नंबर पर काल कराकर उनसे पिन पूछ लिया और डमी यूको बैंक का कार्ड थमा दिया।

आरोप है कि ठगों ने उनके खाते से चार बार में १०-१० हजार रुपये निकाल लिए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने एसबीआई शाखा बसही पहुंचकर कार्ड ब्लाक कराया और पुलिस से शिकायत की। पुलिस आयुक्त को दिये प्रार्थना पत्र के बाद एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस एटीएम और आसपास के दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

इछौरा की पाल बस्ती में आज तक नहीं बनी सड़क

बारिश में कीचड़ से होकर हैं गुजरते बच्चे और ग्रामीण, सड़क निर्माण की मांग


लालापुर (प्रयागराज)। विकासखंड शंकरगढ़ के इछौरा गांव की पाल बस्ती आज भी पक्की सड़क की राह देख रही है। करीब १०० की आबादी वाली बस्ती में न इंटरलाकिंग सड़क बनी है और न ही सीसी रोड। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय विकास के वादे किये जाते हैं, लेकिन बाद में बस्ती की समस्या की सुध नहीं ली जाती।

बारिश के दिनों में बस्ती के लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। प्रसव के नजदीक महिलाओं को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चे करीब ५०० मीटर तक चप्पल हाथ में लेकर कीचड़ से होकर निकलते हैं। ग्रामीणों रमेश पाल, गोकुल पाल, अमृत लाल, सुरेंद्र पाल, विवेक पाल, प्रदीप पाल, इंद्रपाल, रजनीश मिश्रा, कुसुम देवी, नीता देवी और रतन देवी ने नहर पुलिया से राजेंद्र मिश्र के घर होते हुए रमेश पाल के घर तक सड़क निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क बनने से बस्ती की आवागमन संबंधी समस्या स्थायी रूप से दूर हो सकेगी।



इछौरा गांव की पाल बस्ती में सड़क निर्माण की मांग करते ग्रामीण।

रामायण कथावाचक जगदीशाचार्य रामायणी का निधन



चाकघाट (प्रयागराज)। त्योंथर तहसील क्षेत्र के चाकघाट के समीप देउपा गांव निवासी रामायण कथावाचक श्री जगदीशाचार्य रामायणी का २७ सितंबर को सीतापुर में निधन हो गया। वह यजमान संतोष मिश्रा के यहां विष्णु पुराण कथा सुनाने गए थे। बताया गया कि कथा २६ सितंबर को विधिवत संपन्न हुई थी। परिजनों के अनुसार निधन से पहले उन्होंने यजमान से गंगाजल मांगा और ग्रहण करने के कुछ देर बाद उनका निधन हो गया। सूचना मिलने पर परिजन सीतापुर पहुंचे और पार्थिव शरीर को प्रयागराज लाया गया। २९ सितंबर को गंगा तट पर हिंदू वैदिक रीति-रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र गुरु प्रसाद शुक्ल ने दी। जगदीशाचार्य रामायणी के चार पुत्र हैं। अंतिम संस्कार में परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

घर में घुसकर दंपती से मारपीट डीसीपी के आदेश पर केस दर्ज

एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा, आरोपित ने बताया झूठा फंसाने की बात

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खास गांव में घर में घुसकर दंपती से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की शिकायत पर डीसीपी के आदेश से बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी। गांव निवासी आलोक कुमार मिश्रा का आरोप है कि १४ सितंबर की सुबह करीब नौ बजे वह पत्नी के साथ घर में बैठे थे। इसी दौरान कुछ लोग उन्हें मारने के लिए दौड़े। उन्होंने घर का दरवाजा बंद कर लिया, लेकिन आरोप है कि विपक्षियों ने दरवाजा धक्का देकर खोल दिया और घर में घुसकर गालीगलौज करते हुए दंपती से मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आलोक का दावा है कि पहले भी उन पर जानलेवा हमला हो चुका है और उनके भाई की हत्या की जा चुकी है। स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने डीसीपी से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने सूर्य प्रकाश मिश्रा उर्फ दीपक और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।वहीं, नामजद आरोपित सूर्य प्रकाश मिश्रा उर्फ दीपक ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि पारिवारिक विवाद में उसे झूठा फंसाया जा रहा है।

तीन महीने से ट्रांसफार्मर ध्वस्त, उपभोक्ता परेशान

मांडा (प्रयागराज)। बिजली विभाग की लापरवाही से भारतगंज कस्बे और हंड़िया गांव की दलित बस्ती के सैकड़ों उपभोक्ता बिजली संकट झेल रहे हैं। भारतगंज के पुराना सगरा मोहल्ले में लगा ४०० केवीए का ट्रांसफार्मर साढ़े तीन महीने से खराब पड़ा है। वहीं हंड़िया दलित बस्ती का १० केवीए ट्रांसफार्मर भी करीब एक सप्ताह से जला है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभागीय पोर्टल और टोल-फ्री नंबर पर शिकायत के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं बदले गये। बिजली न होने से उमस और मच्छरों के बीच लोगों को रात जागकर गुजारनी पड़ रही है। ग्रामीणों और कस्बावासियों ने दोनों ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

कुत्तों के काटने के मामले बढ़े, रामनगर सीएचसी में बढ़ रहे मरीज

रोज २० से २५ लोग पहुंच रहे अस्पताल, तत्काल उपचार की सलाह

मेजारोड (प्रयागराज)। क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले बढ़ने से रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। सोमवार को दोपहर तीन बजे तक कुत्ते के काटने के १२ नए मरीज सीएचसी पहुंचे। अधीक्षक डा. अनुराग तिवारी के अनुसार प्रतिदिन करीब २० से २५ लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया जा रहा है।



रामनगर सीएचसी में कुत्ते के काटने के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचे मरीज।

मांडा के आंधी गांव की सूर्य काली, शुक्लपुर के विपिन मिश्र, उरुवा के रोहित यादव और मेजा की प्रीति यादव ने भी कुत्ते के काटने के बाद सीएचसी पहुंचकर उपचार कराया। चिकित्सकों ने सलाह दी कि कुत्ते के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से करीब १५ मिनट तक धोएं और बिना देरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। घाव पर मिट्टी, तेल, मिर्च या अन्य घरेलू पदार्थ लगाने से बचें।

चिकित्सक की सलाह के अनुसार एंटी रेबीज टीके की पूरी खुराक समय पर लेना जरूरी है। आवारा कुत्तों के झुंड से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों ने प्रशासन से कुत्तों को पकड़ने और नियंत्रण के लिए अभियान चलाने की मांग की है।

जमीनी विवाद में मारपीट, युवक घायल, चार के खिलाफ रिपोर्ट

मऊआइमा (प्रयागराज)। कुशहरा कहली गांव में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार को दो पक्षों में मारपीट हो गयी। आरोप है कि विपक्षियों ने लाठी-डंडे से हमला कर युवक को घायल कर दिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी विजय कुमार के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने उनके बेटे उमेश कुमार के साथ गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट की। हमले में उमेश के सिर में चोट लगी और वह घायल हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी।परिजन घायल उमेश को एंबुलेंस से सीएचसी मऊआइमा ले गए, जहां उसका उपचार कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हेमराज, शैलेश कुमार, मनोज कुमार और अभयराज पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मऊआइमा और सोरांव में लगा 'सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार' शिविर

किसानों को दी योजनाओं की जानकारी, प्रगतिशील किसानोंको बांटे निः शुल्क बीज

प्रयागराज (प्रयागराज)। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को मऊआइमा और सोरांव विकासखंड में 'सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार' बहुउद्देशीय जनसेवा एवं जनकल्याण शिविर आयोजित किये गये। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया।

उत्तर प्रदेश किसान समृद्धि आयोग के सदस्य कुलदीप सिंह ने किसानों को कृषि और पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नंदिनी योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए किसान समृद्धि लोन की जानकारी दी। बताया कि किसान कृषि जरूरतों के लिए छह प्रतिशत ब्याज दर पर छह लाख रुपये तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को खेती के साथ पशुपालन से जुड़कर आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उप कृषि निदेशक पवन विश्वकर्मा ने उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण, फसल विविधीकरण, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, सिंचाई और दलहन-तिलहन उत्पादन सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहन स्वरूप सरसों और मसूर के बीज मिनीकिट निशुल्क वितरित किये गये। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३३७)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।